पावस सत्र में अमरावती से...

120 पुलिसकर्मी और 15 वाहन भेजे जाएंगे

प्रतिनिधि, 18 जून

अमरावती - आगामी जुलाई माह में होने वाले पावस सत्र के लिए राज्यभर से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है. पुलिस बल के साथ-साथ, बंदोबस्त और पेट्रोलिंग के लिए पुलिस वाहन भी बुलाए गए हैं. अमरावती शहर पुलिस विभाग से करीब 3 एसीपी, 7 पीआई, 100 कर्मी और पुलिस मोटर परिवहन विभाग से 15 वाहन भेजे जाएंगे. जिसमें व्हाइट वैन, कार, बस, जीप आदि शामिल हैं. पावस सत्र आगामी 4 जुलाई या 14 जुलाई को होने के संकेत पुलिस विभाग को मिले हैं. पुलिस विभाग द्वारा नागपुर भेजने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए पुलिस किट और टेंट की जांच शुरू हो चुकी है. 25 जून से पुलिस अधिकारी और कर्मियों को नागपुर के लिए रवाना किया जाएगा. नागपुर में पहली बार पावस सत्र हो रहा है जो लगातार 15 दिनों तक चल सकता है.

महिलाओं ने झुलाई तहसीलदार की कुर्सी

संवाददाता, 18 जून

धारणी - सोमवार को सप्ताह के पहले दिन शिकायत सुनने या निवेदन लेने के लिए तहसीलदार या नायब तहसीलदार कार्यालय में हाजिर ना रहने से संतप्त आदिवासी महिलाओं ने तहसीलदार की कुर्सी को झुलाते हुए अनूठा आंदोलन किया.

धारणी : तहसीलदार की कुर्सी का झूला बनाती आंदोलक महिलाएं.

धारणी में अनूठा आंदोलन

पीएसीएएल इंडिया लि. कंपनी के नाम पर धारणी के निकट तलई गांव की आदिवासी महिलाओं को 3 लाख रुपयों का चूना लगाने की शिकायत देने आदिवासी दलित नेता जगदीश इंगले व शीला मेश्राम एक शिष्टमंडल को लेकर दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय पहुंचे थे. करीब एक घंटा शिष्टमंडल चिलचिलाती धूप में इंतजार करता रहा. तहसीलदार संगमेश कोडे कब आएंगे, उसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा था. इसलिए उनकी कुर्सी को झुलाते हुए महिलाओं ने अपना रोष व्यक्त किया. कोई भी अधिकारी सामने न आने से निवेदन की कॉपी प्रस्तुतकार को दी गयी. इस घटना से तहसील कार्यालय में कुछ देर के लिए हंगामा मच गया था. इस अवसर पर वनमाला भिलावेकर, भानुबाई सावलकर, सकुबाई धांडे, बछई कासोटे, साहूबाई कास्देकर, चंदा पुंजीलाल, समोती भिलावेकर, रामकली, अशोक तिड़के, उमेश भगत, डॉ. रेखा रणबाबले उपस्थित थे. प्रत्येकी 7500 रुपए के हिसाब से कंपनी ने अनेक महिलाओं से लाखों रुपए जमा करने की जानकारी है. पीएसीएल कंपनी की जांच व कार्रवाई के लिए तीव्र आंदोलन छेड़ने की तैयारी महिलाओं ने दर्शाई है.

तहसीलदार अमरावती में

तहसील कार्यालय के नीलेश सपकाल ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि तहसीलदार कोडे सूचनाधिकार के मामले की सुनवाई के लिए अमरावती गए हुए हैं.

नाबालिग पर सामूहिक दुष्कर्म

प्रतिनिधि, 18 जून

यवतमाल- तहसील के खरोला में एक नाबालिग लड़की पर दो आरोपियों ने सामूहिक अत्याचार किया. रविवार की दोपहर यह घटना उजागर हुई. दो माह पूर्व भी आरोपियों ने लड़की को अगवा कर अत्याचार किया था. तब डर के चलते उसने शिकायत नहीं की थी. इस बार शिकायत करने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया.

दिनदहाड़े हुई घटना

करण प्रल्हाद पशेरिया (19), राजेश रामपाल उमरे (21, दोनों खरोला) गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं. रविवार की दोपहर पीड़ित बालिका एक दुकान के सामने से जा रही थी. आरोपियों ने पीछे से आकर उसे दबोचा और अपने साथ ले गए. वहां उस पर जबरदस्ती की. आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़ित ने पिता की मदद से ग्रामीण पुलिस थाने में शिकायत की. दो माह पहले भी आरोपियों ने पीड़ित बालिका पर उसकी सहेली के घर से उठाकर जंगल ले जाकर अत्याचार किया था. शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 376 (ड), 376 (2), 363, 354, 504, 34 व पोस्को के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस ने पीड़ित बालिका को मेडिकल जांच के लिए सरकारी अस्पताल लाया, मगर बालिका ने मेडिकल जांच करने से स्पष्ट इंकार कर दिया.

मनपा में नए सहायक आयुक्त प्रशांत शेलके

प्रतिनिधि, 18 जून

अमरावती - महानगर पालिका में तबादले के दौरान अनेक नए अधिकारी आने से उत्साह का माहौल छाया हुआ है. नए सहायक आयुक्त के रूप में प्रशांत शेलके मनपा में सेवारत हुए हैं. जलगांव जामोद नगर पंचायत के सीईओ शेलके को मनपा में सहायक आयुक्त के रूप में भेजा गया है. इसके अलावा उन्हें भातकुली नगर पंचायत सीईओ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है.

गौरतलब है कि मनपा में तत्कालीन आयुक्त हेमंत पवार का तबादला होने पर नए आयुक्त संजय निपाणे ने उनका स्थान लिया है. अतिरिक्त आयुक्त सोमनाथ शेटे व सहायक आयुक्त सोनाली यादव का स्थानांतरण हुआ है. मनपा में नए लेखापाल राम चव्हाण, शिक्षाधिकारी अनिल कोल्हे आए हैं, बावजूद इसके मनुष्यबल की किल्लत महापालिका में है. एक-एक अधिकारी को दो-चार विभागों का प्रभार संभालना पड़ रहा है. नगर रचना अधिकारी कांबले का तबादला हो चुका है. अनेक अधिकारियों के तबादले होने के बाद भी उनके स्थान पर अभी अधिकारी नहीं आए हैं. सिटी इंजीनियर अनंत पोतदार को भी कई प्रभार संभालने पड़ रहे हैं. नए आयुक्त निपाणे को मनुष्यबल की किल्लत और अधिकारियों का टोटा का सामना पड़ेगा. नए अधिकारियों की टीम से भी सकारात्मक कामकाज निकालने की कसरत करनी पड़ेगी.

नए अधिकारियों से उत्साह का माहौल

नई दिल्ली : बैठक में उपस्थित शिवराय कुलकर्णी, जयंत डेहणकर, दिनेश सूर्यवंशी व रेल मंत्री गोयल से मुलाकात करते कुलकर्णी.

अंततः दर्यापुर के विवादित बीडीओ का तबादला

दरियापुर - स्थानीय पंचायत समिति में अनेक वर्षों से कार्यरत खंड विकास अधिकारी अरविंद गुड़धे का अंततः यवतमाल तबादला कर दिया गया है. गुड़धे अपने कार्यों को लेकर काफी विवादों में रहे.उनकी कार्यशैली को लेकर पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम सेवकों ने काम बंद आंदोलन किया था. इस आंदोलन के दौरान गुड़धे को भूमिगत रहना पड़ा था. उनके कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए एक दिवसीय धरना आंदोलन किया था. फिलहाल खंड विकास अधिकारी का प्रभार कृषि अधिकारी रामगड़े को सौंपा गया है.

पृष्ठ 9 के समाचारों का शेष

कल मनपा आमसभा में...

है. दादासाहब खापर्डे व प्रियदर्शनी मार्केट के दूकानों की लीज संदर्भ में अजय सारसकर ने सवाल पूछा है. इसके अलावा आयुक्त द्वारा प्रशासन की ओर से नेहरु मैदान स्थित मनपा स्कूल को लगी आग की रिपोर्ट पटल पर रखी जाएगी. इतवारा बाजार मच्छी मार्केट में पुराना जर्जर प्रसाधनगृह ध्वस्त कर नए से पे एण्ड यूज तर्ज पर आदर्श जनकल्याण सेवा मंडल मुंबई को चलाने को मंजूरी देने का विषय है. सरकार द्वारा केंद्र सरकार पुरस्कृत अमृत अभियान व विविध पत्र अवलोकन के लिए रखे गए हैं. स्थायी समिति की ओर से एकल ठेका रद्द कर 22 प्रभागों में प्रभागनिहाय सफाई ठेकेदार नियुक्त करने का अहम विषय है. सभा में एकल ठेके के समर्थन और विरोध को देखते हुए इस विषय पर बहस होने की संभावना है. बारिश के पहले अधिकांश नालों की सफाई न होने का भी महत्वपूर्ण विषय है. मनपा क्षेत्र में कचरा उठाना व सफाई पर नियंत्रण के लिए सर्वदलीय पार्षदों की समिति गठित करने का सुझाव भी दिया गया है. किरण नगर व मोती नगर से बहने वाले नाले का मलबा न हटाए जाने को लेकर भी प्रशासन से जवाब तलब किया जाएगा. सिटी बस, भूमिगत गटर योजना, मोबाइल टावर, एलईडी, गोबर खाद, निजी शौचालय के धनादेश का वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषय भी सभा में रखे गए हैं.

अपहरण व बलात्कार के...

छुड़ाया. 2 जुलाई 2016 को नेर पहुंची और आपबीती मां को बताई. मां व बेटी दोनों ने पुलिस थाने पहुंचकर वारदात की शिकायत दर्ज की. नेर पुलिस ने भादंवि की धारा 363, 366, 376, 506 व पोक्सो कानून की धारा 4/2012 के तहत मामला दर्ज किया. पुलिस निरीक्षक पी.एस. विजय गराड़ ने मामले की जांच कर मामला न्यायालय में दाखिल किया. न्यायालय में 8 गवाह पेश किए गए. उक्त मामले में एड. अरुण मोहोड़ ने पैरवी की. उन्हें प्रकाश मेश्राम ने सहयोग दिया. न्यायलय ने भादंवि की धारा 363 के अंतर्गत 3 वर्ष, धारा 366 अंतर्गत 5 वर्ष, भादंवि की धारा 376 अंतर्गत 10 वर्ष की सजा सुनाई. सभी सजा एकसाथ भोगने का आदेश न्यायालय ने दिया.

मरने से पहले बेटे के नाम...

के माध्यम से अदालत में गिरफ्तारीपूर्व जमानत याचिका दायर करने की जानकारी है. पुलिस पूछताछ में पता चला है कि मृतक मुनेश्वर व शोभा यादव ने मरने से पहले 8 मार्च को मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया था. जिसमें कठोरा स्थित साढ़े चार एकड़ खेत में से ढाई एकड़ खेत सुनील के नाम और बचा हुआ खेत बेटी सुनीता और शिल्पा के नाम किया था. इतना हीं नहीं, मां शोभा ने उनके नाम का घर भी सुनील के नाम कर दिया था. मृतक यादव दम्पति जीवनभर संपति के विवाद का दंश झेलते रहे. मगर उन्होंने मरने से दो माह पूर्व अपनी 75 प्रतिशत संपति बेटे के नाम कर दी थी.

खराब हुआ विदर्भ ...

और बड़ा हादसा होते-होते बचा. यह बात ड्राइवर के समझ में आते ही कुछ देर बाद ड्राइवर ने पीछे वाली कैप का बिजली एंटीना शुरू कर धीमी गति से ट्रेन को कुरुम रेलवे स्टेशन तक लाया और इसके पीछे 7 सुपर एक्सप्रेस गाड़ियां होने के कारण विदर्भ एक्सप्रेस को प्लेटफार्म पर सुबह 6 बजे से लेकर 8.30 बजे तक रोका गया. पिछली 7 सुपर गाड़ियों को एक-एक करके डाउन लूप से समय पर आगे निकाल कर बाद में अप मेन लाइन पर खड़ी मालगाड़ी का इंजन काटकर विदर्भ एक्सप्रेस को जोड़कर 8.30 बजे बडनेरा की ओर रवाना किया गया. पीछे चल रही 7 सुपर गाड़ियां देरी से न चलें, इसलिए विदर्भ एक्सप्रेस को 2.30 घंटा कुरुम रेलवे स्टेशन पर रोक रखा था. सुपर गाड़ियों में पूना-नागपुर, पोरबंदर-हावड़ा, आजाद हिंद, पूना-हावड़ा, लोकमान्य-हावड़ा, अमरावती-मुम्बई तथा अहमदाबाद-नागपुर का समावेश था.

बेटे की गिरफ्तारी से ...

आरोपी श्याम को गिरफ्तार किया. श्याम की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कुछ परिजन और दर्जनों लोग थाने पहुंचे और हंगामा करने लगे. पीआई चोरमले के कक्ष में हंगामा मचाकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी तक की. पुलिस ने हंगामा मचाने वाले अधि. उमेश इंगले, मनोज थोरात, संदीप मानकर, आशीष डोंगरे, इंदु वाकोड़े, सुनंदा पडघन, सिंधु राऊत, संगीता वानखड़े, संजय गायकवाड़, संगीता गायकवाड़ के खिलाफ धारा 447, 143, 147, 186 के तहत अपराध दर्ज किया है.

फसल कर्ज वितरण घोटाले ...

सूची तैयार कर वसूली प्रारंभ की. बैंक के अधिकारी सावली खुर्द के ज्ञानेश्वर रघुनाथ गाड़ेराव पर कर्ज होने की वजह से वसूली के लिए पहुंचे. कर्ज की बात सुनकर ज्ञानेश्वर के पैरों तले से जमीन खिसक गई. आश्चर्य हुआ कि, उन्होंने तो कोई कर्ज लिया ही नहीं. अचलपुर तहसील के ग्राम सावली खुर्द के निवासी ज्ञानेश्वर के खेत को बैंक में गिरवी रखकर 4 लाख रुपये का फसल कर्ज आईसीआईसीआई बैंक से मंजूर कराकर 2 लाख 18 हजार रुपये का कर्ज उठाने का मामला उजागर हुआ है. इस मामले में आसेगांव पुलिस ने बैंक के फील्ड अधिकारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है. बैंक से बड़े पैमाने पर कर्ज का वितरण कर घोटाला करने की बात उजागर हुई है.

स्टैम्प बनाने वाला गिरफ्तार - बैंक कर्ज के लिए लगने वाले रबर स्टैम्प दत्तात्रय चांदुरकर ने तैयार करके दिये, जिसके चलते पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है. आईसीआईसीआई बैंक के कर्ज वितरण मामले में रबर स्टैम्प चांदुरकर को बैंक अधिकारियों द्वारा ही स्टैम्प बनाने के लिए दिया गया था, ऐसा बताया जा रहा है. असली मामला क्या है, उन्हें पता ही नहीं और अब वे बिना किसी गलती के इस मामले में फंसने की चर्चा है.

फील्ड अधिकारी की मिलीभगत - आईसीआईसीआई बैंक से कर्ज मंजूर करवाने की जिम्मेदारी फील्ड अधिकारी की होती है. उसी प्रकार वित्तीय अधिकारी व विधितज्ञ प्रमुखता से सभी बातों की जांच पड़ताल करते हैं, मगर यह कर्ज मंजूर करते समय इन बातों की ओर संबंधित अधिकारियों ने जांच ही नहीं की, यह बात स्पष्ट हुई है. जिसके चलते बैंक के अधिकारियों को भी जांच पड़ताल और पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा सकता है. ऐसे अनेक फर्जी मामले उजागर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है.

फरवरी तक बडनेरा में ...

डेहणकर, पार्षद तुषार भारतीय, एमआईडीसी एसो. के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता किरण पातुरकर, शिवराय कुलकर्णी, जिलाधीश अभिजीत बांगर प्रमुखता से उपस्थित थे.

पालकमंत्री ने रेलमंत्री को सौंपा ज्ञापन - गड़करी के मंत्रालय में करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक दौरान पालकमंत्री पोटे ने रेलमंत्री गोयल को दो पृष्ठों का ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि नागपुर-मुंबई-नागपुर दूरंतो एक्सप्रेस को बडनेरा में स्टॉपेज दें, अमरावती-मुंबई एक्सप्रेस में प्रथम श्रेणी वातानुकूलित शयनयान की एक और बोगी उपलब्ध कराएं और अन्य मांगें रही. रेलमंत्री गोयल ने सभी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया.

नाबालिग को छेड़ने वाला रोशन गिरफ्तार

संवाददाता, 18 जून

परतवाड़ा - शहर से कुछ ही दूर स्थित गांव के मोबाइल दुकान संचालक जो स्कूल वैन का चालक भी है, को परतवाड़ा पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार किया है.

जानकारी के मुताबिक एक नामचीन व्यापारी की नाबालिग लड़की को स्कूल वैन का ड्राइवर रोशन राजकुमार अग्रवाल परेशान कर रहा था. बार-बार परेशानी झेलने के बावजूद लड़की ने इसकी शिकायत डर की वजह से अपने घर वालों से नहीं की. लड़की की इस मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसके मोबाइल पर बार-बार फोन कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया. रोशन की उस लड़की के घर के सामने ही मोबाइल की दुकान होने से उसने दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर युवती के पिता की गतिविधि पता करता. युवती के पिता के बाहर जाते ही किसी ना किसी बहाने उसके घर जाकर उससे बातचीत करने की कोशिश करना उसका रोज का काम हो चुका था. दूकान पर आने वाले ग्राहकों के फोन से फोन कर परेशान करने लगा था. बार-बार फोन आने पर उसकी बड़ी बहन का ध्यान गया. पूछताछ करने पर पूरा मामला सामने आया. लड़की के पिता ने परतवाड़ा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई. इस बात का पता चलते ही आरोपी रोशन फरार हो गया. थानेदार संजय सोलंके को बात पता चलते ही उन्होंने शिकायत 5-6 दिन के बाद दर्ज कराने की बात कही. फरार आरोपी रोशन ने दोस्तों को परतवाड़ा थाने भेजकर रिपोर्ट की जानकारी निकाली. जब उसे लगा कि उसकी कोई रिपोर्ट थाने में नहीं है, तो वह गांव लौटा. गांव में लौटते ही परतवाड़ा पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया. जांच में पता चला कि रोशन ने इससे पहले भी 15-20 लड़कियों को परेशान किया है. चर्चा है कि, यहां से कुछ ही दूर स्थित एक गांव में नाबालिग युवती ने इस युवक से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी. लेकिन घर वालों ने बदनामी के डर से आत्महत्या को दिल के दौरे की बात बताकर इस मामले को दबा दिया था. बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है.

रोशन अग्रवाल

स्कूल वैन चालक है आरोपी

आपका राशिफल 19 जून

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

मिथुन का की कू घ ङ छ के को ह

परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

कर्क ही हू हे हो ड डी डू डे डो

किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो या यी यू

स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

मकर भे जा जी खी खू खे खो गा गी

संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-5-6-8

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

मीन दी दू थ झ ञ द दे चा ची

शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

तुअर आयात से किसानों को दिक्कत

प्रतिनिधि, 18 जून

अकोला- बीते दो सालों में राज्य में तुअर का बम्पर उत्पादन हुआ, मगर सरकार ने तुअर आयात की. इस साल भी 2 लाख क्विंटल तुअर आयात की जा रही है, जिससे दाम लुढ़कने से सरकार ने समर्थन मूल्य घोषित कर

सरकारी तुअर खरीदी केंद्र शुरू किए. मगर उचित व्यवस्था के अभाव में किसानों को अत्यल्प दर में तुअर बेचनी पड़ रही है. सरकार की तुअर खरीदी के इंतजार में आज भी लाखों क्विंटल तुअर पड़ी रहने से किसानों का अर्थशास्त्र बिगड़ गया है. 2017-18 में 11 लाख 70 टन तुअर का उत्पादन हुआ. फिर भी केंद्र सरकार ने तुअरदाल खरीदी के लिए अफ्रीका देश के मोझॉबिक व अन्य देशों से करार करने से तुअर दाल की आयात शुरू है. उसके दाम 4500 रुपये प्रति क्विंटल है. दूसरी ओर सरकार ने 5250 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया. उस पर 200 रुपये बोनस देकर नाफेड द्वारा खरीदी शुरू की. तुअर खराब होने के पहले टाइमटेबल तय कर तुअर खरीदी कर दाल बनाने के लिए वह तुअर गिरणियों में भेजने की जरूरत है.

मिल मालिकों को तुअर आयात का परमिट

अकोला में 110 से अधिक दाल मिल हैं. एक दिन में 400 से 2000 क्विंटल दाल निर्मिती की क्षमता है. सरकार ने अब इन दाल मिलों को तुअर आयात का परमिट देकर अगस्त तक तुअर आयात करने की शर्त रखी है. 3000 से 3800 रुपये प्रति क्विंटल से देश में तुअर मिल रही है तो 4500 रुपये प्रति क्विंटल से तुअर आयात क्यों करें, यह सवाल दाल मिल एसोसिएशन ने उपस्थित किया है.

दैनिक पंचांग

19 जून 2018 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	मिथुन	4.59 बजे से
चंद्र	सिंह में	कर्क	7.17 बजे से
मंगल	मकर में	सिंह	9.33 बजे से
बुध	वृष में	कन्या	11.45 बजे से
गुरु	तुला में	तुला	13.55 बजे से
शुक्र	कर्क में	वृश्चिक	16.10 ब.से
शनि	धनु में	धनु	18.26 बजे से
राहु	कर्क में	मकर	20.31 बजे से
केतु	मकर में	कुंभ	22.18 बजे से
राहुकाल		मीन	23.51 बजे से
3.00 से 4.30 बजे तक		मेष	1.21 बजे से
		वृष	3.01 बजे से

मंगलवार 2018 वर्ष का 170 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2075 **शक संवत्** 1940 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 6.41 बजे तदनन्तर सप्तमी 04.59 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 01.46 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वज्र 7.53 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 6.41 बजे, गर 17.46 बजे तदनन्तर वणिज 04.59 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 5.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1869823 **जूलियन दिन** 2458288.5 **कलियुग संवत्** 5119 **कल्पारंभ संवत्** 1972949117 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885117 **वीरनिर्वाण संवत्** 2543 **हिजरी सन्** 1439 **महीना** सव्वाल **तारीख** 04

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
रोग	06.01 से	07.30 बजे तक		काल	06.01 से	07.30 बजे तक	
उद्वेग	07.31 से	09.00 बजे तक		लाभ	07.31 से	09.00 बजे तक	
चर	09.01 से	10.30 बजे तक		उद्वेग	09.01 से	10.30 बजे तक	
लाभ	10.31 से	12.00 बजे तक		शुभ	10.31 से	12.00 बजे तक	
अमृत	12.01 से	01.30 बजे तक		अमृत	12.01 से	01.30 बजे तक	
काल	01.31 से	03.00 बजे तक		चर	01.31 से	03.00 बजे तक	
शुभ	03.01 से	04.30 बजे तक		रोग	03.01 से	04.30 बजे तक	
रोग	04.31 से	06.00 बजे तक		काल	04.31 से	06.00 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore